**खबर संक्षेप**

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा अभियान



**मण्डला।** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन जिले में किया जाएगा। इसके तहत संबंधित विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इस अभियान के क्रियांवयन के लिए कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने संबंधित विभाग प्रमुखों की समीक्षा बैठक जिला योजना भवन में ली। अभियान के जिलास्तरीय कार्यक्रम का शुभांरभ 17 सितंबर को आरडी कॉलेज मण्डला में किया जाएगा। जिसमें राज्य स्तरीय कार्यक्रम लाइव प्रसारण के साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में मेगा कैंप भी आयोजित किए जाएगें। ग्राम पंचायत स्तर पर स्क्रीनिंग की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य शिविर के आयोजन की तिथिवार जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को पूर्व से दी जाए और शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। 17 सितंबर को रक्तदान शिविर का भी आयोजन सुनिश्चित करें। अभियान अंतर्गत वन विभाग द्वारा एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपरण के कार्यक्रम, बाइक रैली, जैवविविधता कार्यक्रम आयोजन किया जाए। स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलो पर साफ-सफाई एवं स्वच्छता के कार्यक्रम आयोजित किए जाए। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के लिए जिला स्तर पर शिविर लगाकर आवश्यक एवं सहयोगी उपकरण का वितरण किया जाए। खेल एवं युवा कल्याण, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत की थीम पर विद्यालयों एवं जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत स्थानीय कारीगारों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं मेले का आयोजन किये जाएगें। इसके लिए स्थल चिन्हांकन करने एनआरएलएम विभाग को निर्देशित किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेंयाश कूमट, एसडीएम मण्डला सोनल सिडाम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सहायक आयुक्त वंदना गुप्ता एक बार फिर विवादों में

# छात्रावास प्रभारी हटाने को लेकर उठे सवाल

*** आखिर किन आधारों पर होते स्थानांतरण और दिलाये जाते प्रभार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जनजातीय कार्य विभाग, मण्डला में पदस्थ सहायक आयुक्त श्रीमती वंदना गुप्ता एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आए दिन उनके कार्यों को लेकर विवाद खड़े हो रहे हैं और जानकारी अनुसार हाल ही में उत्कृष्ट आदिवासी सीनियर छात्रावास, मण्डला में प्रभारी अधीक्षक के स्थानांतरण को लेकर नया विवाद सामने आया है।

सूत्रों के अनुसार, छात्रावास में पदस्थ प्रभारी अधीक्षक रामकुमार भारतीया को बिना किसी स्पष्ट कारण के उनके पद से हटाकर प्राथमिक शिक्षक सुखमन सिंह मरकाम को प्रभारी बना दिया गया है। इससे भी चौंकाने वाली बात यह है कि रामकुमार भारतीया की अनुपस्थिति में छात्रावास कार्यालय का ताला तोड़कर सुखमन सिंह द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों की मिलीभगत से खाता परिवर्तन जैसी गंभीर अनियमितताएं भी उजागर हुई हैं।



### सांसद के पत्र को भी किया नजरअंदाज

मामले की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिले के सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते ने भी सहायक आयुक्त को पत्र लिखकर इस कार्रवाई पर आपत्ति जताई थी। किंतु यह आरोप सामने आया है कि सांसद का पत्र कचरे के डिब्बे में फेंक दिया गया, जो प्रशासनिक तंत्र में बढ़ती संवेदनहीनता को दर्शाता है।

### स्थानांतरण आदेश में कई तकनीकी खामियां

सहायक आयुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार, रामकुमार भारतीया को उनकी मूल संस्था भेज दिया गया है और सुखमन सिंह मरकाम को खैरमाई टोला, नैनपुर से स्थानांतरित कर छात्रावास प्रभारी बनाया गया है। आदेश में यह भी उल्लेख है कि यदि एक सप्ताह के भीतर कार्यमुक्त नहीं किया गया तो संबंधित अधिकारी एकतरफा कार्यमुक्ति कर सकते हैं, और इससे उत्पन्न किसी भी वित्तीय गड़बड़ी की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

### भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

यह मामला कोई एकल प्रकरण नहीं है। सूत्रों के अनुसार, विभाग में निर्माण कार्यों के दौरान वित्तीय गड़बड़ियों, छात्रावासों में उपयोगी सामग्री की खरीद में घपले, और अधिकारियों द्वारा स्थानांतरण के एवज में लेन-देन जैसी शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। वहीं कुछ चर्चित नामों की सक्रिय भूमिका की भी चर्चा है, जो पूरे घटनाक्रम की दिशा तय कर रहे हैं।

### प्रशासनिक तंत्र पर उठे सवाल

पूरे घटनाक्रम में यह सवाल प्रमुख रूप से उठता है कि क्या जनजातीय छात्रों के लिए बने छात्रावास प्रशासनिक जोड़-तोड़ और 'लेन-देन' का अड्डा बनते जा रहे हैं? क्या बिना जांच और उचित कारण के किए गए स्थानांतरणों से कर्मचारी मानसिक रूप से प्रताड़ित नहीं हो रहे?

इस पूरे प्रकरण ने जनजातीय कार्य विभाग की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि उच्च स्तर पर इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं करवाई गई, तो इससे विभाग की साख पर गहरा असर पड़ेगा और सबसे बड़ा नुकसान उन आदिवासी छात्रों का होगा, जिनके विकास के लिए ये संस्थान बनाए गए हैं।

## मंत्री एवं सांसद ने कक्षा 12वीं उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों को सौंपी चाबी



*** जिले के 164 मेधावी विद्यार्थी हुए लाभांवित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मुख्यमंत्री निःशुल्क स्कूटी वितरण वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उइके एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की गरिमामयी उपस्थिति में जिला योजना भवन में किया गया। उन्होंने योजना भवन परिसर में मौजूद विद्यार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से स्कूटी की चाबी देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में जिले के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूलों में अध्ययनरत बालक, बालिकाओं को विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किये जाने पर निःशुल्क स्कूटी वितरण की गई। जिले के कुल 164 विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूटी दी गई। जिसमें 40 ई-व्हीकल एवं 124 मोपेड की राशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की गई। स्कूटी पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, नगरपालिका नैनपुर अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, जयदत्त झा सहित नगरपालिका, नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, एसी ट्राईबल श्रीमती वंदना गुप्ता एपीसी मुकेश पांडे, श्री महेन्द्र श्रीवास, सुशील पटेल एवं स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस से गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा-मिश्रा......................................................

**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) को जनसेवा समर्पित दिवस के रूप में मनाते हुए 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक "सेवा पखवाड़ा" अभियान पूरे जिले में बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के प्रथम चरण में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन होगा। द्वितीय चरण में पुनः रक्तदान शिविर, प्रबुद्ध संवाद, डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शनी, प्रधानमंत्री पर आधारित पुस्तकों का वितरण एवं "नमो मैराथन" सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु जिले के पदाधिकारियों को विशेष दायित्व सौंपे गए हैं। जिसमें सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम संयोजक नीरज मरकाम, सह संयोजक महेंद्र पटेल (बिछिया), संतोष रजक, नरेश चंद्रोल, राजेश जैन (निवास), रामप्रकाश साहू, रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर प्रभारी डॉ. विजय आनंद मरावी, आशीष ज्योतिषी, सह प्रभारी डॉ. मुकेश तिलगाम, डॉ. विजय सर्वटे, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान संयोजक जयदत्त झा, सह संयोजक शैलेष मिश्रा, मंजू कछवाहा, महेंद्र राठोर, नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफार्म कार्यक्रम संयोजक रवि सोनवानी, सह संयोजक संजीत पाण्डे, जिलेसिंह साहू को दायित्व सौंपा गया है। जिला अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि "सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सेवा, स्वच्छता, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता का संदेश पहुँचाना है। सभी कार्यकर्ता संकल्प और उत्साह के साथ इस महाअभियान को सफल बनाने में जुटें।

## नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



प्रदेश में बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु दर में कमी लाई जाने हेतु दिनांक 8/9/2025 से 22/9/2025 तक 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मंडला जिले में भी पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में जिले भर में अभियान चलाकर यातायात नियमों का पालन करने हेतु समस्त नागरिकों एवं वाहन चालकों से यातायात नियमों के पालन करने की अपील की जा रही है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने से ही बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु दर मे कमी लाई जा सकती है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर अंकुश लगाने हेतु जिले के समस्त थाना अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है जिसमें अभियान के दौरान अब तक नियमों का उल्लंघन जिसमे तेज गति से वाहन चलाने वाले वाहन चालक, बिना लाइसेंस वाहन चलाने वाले, नाबालिक वाहन चालक, बिना परमिट वाहन, बिना फिटनेस वाहन, शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक, ओवरलोडिंग सवारी वाहन, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने वाले, रॉन्ग साइड में वाहन चलाने वाले चालकों पर विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। अभियान के दौरान अब तक उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 526 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही कर 278600 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। साथ ही 2 ट्रक/ट्रेलर, 1 कार, 1 मोटरसाइकिल चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते समय पाये जाने पर प्रकरण तैयार कर न्यायालय में चालान पेश किया गया।

**संगोष्ठी** | **सरकार किसानों को हर संभव सहायता देने के लिए तत्पर-सांसद श्री कुलस्ते।**

# रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान की हो जानकारी

*** आरडी कॉलेज के ऑडिटोरियम हॉल में हुई कृषक संगोष्ठी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढावा देने, कृषि की उन्नत तकनीको एवं उन्नत यंत्रों के बारे में जिले के कृषकों को जानकारी एवं तकनीकी परामर्श देने के लिए आरडी कॉलेज में कृषक संगोष्ठी कलेक्टर कृषक संवाद कार्यक्रम का आयोजन पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उईके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, निवास विधायक चैनसिंह वरकडे, बिछिया विधायक श्री नारायण सिंह पट्टा की मौजूदगी में हुआ।

मंत्री श्रीमती उईके ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। आज खेती में रसायनों, यूरिया, कीटनाशक आदि को अत्यधिक प्रयोग किया जा रहा है जिससे मिट्टी की उर्वरता सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है। जैविक एवं प्राकृतिक खेती में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग नहीं किया जाता है। किसानों को रसायनिक खेती से होने वाले नुकसान की जानकारी होना चाहिए साथ ही इसके विकल्प के तौर पर क्या किया जा सकता है यह बताने के लिए संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि प्राकृतिक एवं जैविक खेती बहुत ही आसान और किफायती है। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। इससे उत्पन्न खाद्य पदार्थ खाने से हम स्वस्थ रहेंगे और बीमारियों से बचेंगे साथ ही साथ हमे इसकी उपज का अच्छा दाम भी मिलेगा। मंडला जिला जैविक कृषि विकास के अनुकूल है। सरकार की मंशा कृषि उत्पादन को बढ़ाना, उत्पादन की लागत को कम करना और कृषि उपज के उचित दाम दिलाना है। अन्नदाताओं को उनकी मेहनत का फल वाजिब दामों के रूप में मिल रहा है।

श्रीअन्न (मोटे अनाज) जैसे कोदो- कुटकी, ज्वार, बाजरा, रागी आदि की फसल के बारे में जानकारी देते हुए मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि यह मोटे अनाज कम पानी में अधिक पैदावार देते है। रसायनमुक्त खेती के लिए यह मददगार है। हमारे पूर्वजों ने विविधतापूर्ण खेती पर जोर दिया। अब परम्परागत खेती को आधुनिक उन्नत खेती के साथ सम्मिश्रित करके अपनाने की आवश्कता है। सरकार भी अब कोदो-कुटकी की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ख़रीदी कर रही है। इसके अलावा कोदो-कुटकी की खेती करने वालों को प्रति क्विंटल एक हज़ार रुपये बोनस के तौर पर दिया जाएगा। जैविक और प्राकृतिक उत्पादों को बाजार में बढ़ावा देने की बात उन्होंने की।

मंत्री श्रीमती उईके ने यूरिया की आपूर्ति के संबंध में कहा कि विगत वर्ष 27800 मी.टन का भंडारण हुआ था, इस वर्ष 2025-26 खरीफ में 27300 मी.टन का भंडारण हुआ है। वार्षिक आपूर्ति 99 प्रतिशत की जा चुकी है। खरीफ वर्ष 2025-26 में विभागीय टीमों द्वारा बीज, खाद की दुकानों का निरीक्षण किया गया। अनियमितता पाये जाने पर 5 एफआईआर दर्ज कराई गयी, 7 लाइसेंस सस्पेंड जबकि 3 लाइसेंस निरस्त किये गए हैं।

सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना श्रीअन्न (मिलेट्स) उत्पादक किसानों के लिये वरदान साबित होगी। इससे मिलेट्स उत्पादक कृषकों को अपने उत्पादों का उचित दाम मिलेगा, जिससे अन्य किसानों को मिलेट्स उत्पादन के लिये प्रोत्साहन भी मिलेगा। जैविक खेती के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार पूरी तरह से तैयार है और उसे प्रोत्साहन देने के लिए हर संभव मदद करेगी। कृषक संगोष्ठी का मुख्य उददेश है कि किसानो को बताया जाए की उन्हें अपनी भूमि में किस फसल को लगाया जाना चाहिए। रबी एवं खरीफ की फसल लगाने पूर्व किसानों से संवाद किया जाए। रासायनिक उवर्रक एवं कीटनाशकों के इस तरह प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति नष्ट हो रही है। मित्र कीटों को पहचानना किसानों के लिए अत्यंत जरूरी हैं। यह सारी बाते हमारे किसानों को अच्छी तरह से मालूम हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में यह पहल की गई है जो निश्चित ही किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करेंगी।



## नारायणगंज नगर में बंदरों का आतंक

*** वन विभाग और पंचायत को नहीं है ध्यान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज



नारायणगंज विकासखंड के पंडरिया एवं खैरी के गांव में इन दिनों बंदरों का आतंक चरम पर है। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि लोग अपने घरों में रहने और छतों पर जाने से डर रहे हैं।

गांव में बंदरों के हमले से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। ये बंदर छतों पर अपना डेरा जमाए हुए हैं। जब भी छत का दरवाजा खुलता है, वे सीधे घरों में घुस जाते हैं। वे न केवल सामान खाते और बर्बाद करते हैं, बल्कि लोगों पर हमला भी करते हैं।

गांव के घरो की बालकनी में रखें गमले बंदरों द्वारा फेंके जाते हैं जिसके कारण मलबा सीधे लोग बाग के सिर पर गिरने से वे गंभीर रूप से घाय हो जाते हैं एवं पौधों का नुक़सान हो जाता है।

इस समस्या के बावजूद वन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार वन विभाग के अधिकारियों को बंदरों को पकड़कर जंगल में छोड़ने की सूचना दी है। लेकिन विभाग इसे ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी बताकर पल्ला झाड़ रहा है। इससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है।



### इनका कहना है :-

*बंदरों का आतंक बहुत अधिक बढ़ गया है वे घरों की छतों पर आ कर गमले तथा सूखने रखी सामग्री का नुक़सान करते हैं एवं कई बार लोगों पर हमला करने से भी नहीं कतराते हैं पंचायत तथा वन विभाग को संयुक्त कार्यवाही कर के इनसे निजात दिलवाना चाहिए।*

**-सूरज सोनी, ग्रामवासी**



## अहंकार ही महिसासुर हैः महंत रामकिशोर महाराज

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय चल रहे पितृपक्ष के दौरान नगर के कोचर रिसार्ट मे चल रहे दिव्य संगीतमय रामकथा आयोजन में जहां लोगों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है। वही बताया जाता है कि इस राम कथा मे प्रतिदिन बड़ी संख्या मे नगर सहित आसपास के गांवों से श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ ले रहे है। बीते शनिवार क्रो कथा वाचक महंत रामकिशोर शरणदास महाराज ने भगवान की कथा सुनाते हुए कहा कि यह कथा भगवान श्रीराम के आदर्श, जीवन और कर्मों की कथा है, जो हर मनुष्य को धर्म और मर्यादा का मार्ग दिखाती है। श्रीराम वाल्मीकि रामायण और तुलसीदास जी के रामचरितमानस में वर्णित हैं जिसमें बाल काण्ड से लेकर उत्तरकाण्ड तक उनके पूरे जीवन, संघर्ष और विजय की गाथा है। इस दौरान उन्होने कहा किराम कथा मानव धर्म, परिवार, मित्रता, सेवा और सत्य की स्थापना सिखाती है। कथा में श्रीराम के जन्म, वनवास, माता सीता का हरण, हनुमान जी का पराक्रम, वानर सेना की संघर्ष शक्ति, रावण पर विजय और रामराज्य की स्थापना का वर्णन है। वाल्मीकि रामायण में श्रीराम के मानवीय चरित्र और रामचरित मानस में उनके दिव्य रूपों का विस्तृत वर्णन है। रामकथा में बताया जाता है कि कैसे श्रीराम हर स्थिति में धैर्य, विवेक और प्रेम रखते हैं और भगवान की शरण में जाने मात्र से जीवन में दुख मिट सकते हैं।रामकथा सुनने से जीवन की शंकाएं दूर होती हैं। मन क्रो शांति मिलती है और धर्म का सार समझ आता है। इस दौरान उन्होंने अहंकार क्रो महिसासुर की संज्ञा देते हुए कहा कि अहंकार करने वाला व्यक्ति जल्द धरातल पर आ जाता है। जिसके अंदर अहंकार रूपी राक्षस बास करता है, वह व्यक्ति दिखावा करने में सफल तो हो सकता है। मगर अपने जीवन को सफल नही बना पाता है। क्योंकि अहंकारी एक महिसासुर की तरह होता है जिसका पतन निश्चित ही है..।

## नगर में आयोजित हुई जिला स्तरीय तैराकी एवं वाटरपोलो प्रतियोगिता



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर के अनुसार जिला स्तरीय शालेय तेराकी एवं वाटरपोलो प्रतियोगिता का आयोजन नगर के एक निजी स्कूल में किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस आयोजन में विभिन्न विकासखंड के छात्र-छात्राओं के द्वारा सहभागिता की जा रही है। इस तेराकी प्रतियोगिता मे बालक/बालिका 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग एवं वाटरपोलो प्रतियोगिता मे 19 आयु बालक वर्ग के प्रतिभागी सहभागिता कर रहे है। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी के आलवा संकुल प्राचार्य मोहन मुरारी दुबे एवं स्कूल प्राचार्य द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। इस प्रतियोगिता के सहयोग में पीटीआई विक्रम शर्मा ,सत्य प्रकाश ढिमोले, संदीप तिवारी, अमित कहार, देवेंद्र कुमार ढीमोले, डॉक्टर संदीप मेहरा, नितेंद्र प्रताप सिंह, यूनुस हुसैन, तरुण बारस्कर, परेश शर्मा आदित्य द्विवेदी, राजरानी डहेरिया, सिराज मोहम्मद, प्रद्युम्या पुरी गोस्वामी, अमर मेहरा अजीत उपाध्याय, रोहित अहिरवार, सुमित कौरव द्वारा अपनी सहभागिता दे रहे हैं।

### सांईखेड़ा पुलिस ने जप्त की गई सात आरोपियों के पास से 48 चोरी की गई मोटर साईकिले तो सालीचौका पुलिस ने जप्त किया चोरी गया ट्रेक्टर ट्राली सहित रोटर बेटर

# नवरात्र शुरू होने के पहले पुलिस के हाथ लगा अंतरजिला स्तरीय चोर गिरोह

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका/सांईखेड़ा।**









इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि यदि कानून के रखबारे अपने दायित्वों का निर्वाहन पूर्ण निष्ठा के साथ करने लगे तो निश्चित तौर से चोरी सहित अन्य प्रकार की अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले पुलिस की पकड़ से अधिक दिनों तक दूर नही रह पाते है। मगर इसके लिये पुलिस थानों में पदस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को उच्च स्तर के अधिकारियों का मार्ग दर्शन तथा कार्य करने के लिये पूरा सहयोग प्राप्त होना चाहिये। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय देखने मिल रही है। जिले में नवनियक्त पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के पदभार संभालने के बाद जिस तरह गाडरवारा अनुविभाग के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग के नेतृत्व व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में मादक पदार्थो सहित चोरी की घटनाओं के आरोपियों को पकड़ने में लगतार सफलता मिलते हुये देखी जा रही है। बीते हुये दिनों जहां गाडरवारा टीआई विक्रम रजक व सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक की टीम द्वारा मादक पदार्थ का अवैध कारोबार करने वालों को पकड़ने में सफलता हासिल की गई थी। इसके बाद अब वाहन चोरी करने वाले अंतर जिला स्तरीय चोर गिरोह को पकड़ने में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुये चोरी के आरोपियों के पास से सांईखेड़ा पुलिस द्वारा जहां लगभग 40 लाख रूपया कीमत की अलग अलग स्थानों से चोरी की गई 48 मोटर साईकिले जप्त की गई है। इसी प्रकार से गाडरवारा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले सालीचौका पुलिस चौकी की टीम द्वारा चोरी गये हुये ट्रेक्टर ट्राली सहित एक रोटर बेटर को जप्त करते हुये आरोपियों को गिरप्तार किया गया है। नवरात्र शुरू होने के पूर्व गाडरवारा क्षेत्र की पुलिस के हाथ लगी इस बड़ी सफलता का बीते हुये दिवस जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा नगर में प्रथम आगमन के द्वारा खुलासा किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के आलवा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक विक्रम रजक के आलवा सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक व सालीचौका चौकी प्रभारी वर्षा धाकड़ मौजूद थी। वाहन चोर गिरोह में हासिल की गई सफलता का खुलासा करते हुये जिला पुलिस अधीक्षक मीना ने अपनी जानकारी में बताया कि आने वाले त्यौहारों तथा क्षेत्र के घटित हो रही चोरी की घटनाओं के आलवा मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये सभी थाना प्रभारियों को कार्यवाही के लिये सख्त आदेश दिये जाने के चलते लगातार गस्त करते हुये संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी के चलते जब बीते हुये सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक सहित अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा अपने क्षेत्र के झिकोली रोड पर गस्त की जा रही थी उसी दौरान चार युवक दो संदिग्ध मोटर साईकिलों पर आते हुये दिखाई दिये गये। इन युवकों को जब पुलिस द्वारा रोककर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम संतोष कहार, अजब सिंह कहार दोनों निवासी मेहरागांव हाल निवास ग्राम ऊटिया जिला रायसेन, विजय कहार निवासी नर्मदापुरम तथा विवेक बंशकार निवासी करेली बताया गया। इन लोगों से जब गस्त करने वाली टीम द्वारा अपने पास रखे हुये गाड़ियों के कागजों के संबंध में पूछताछ की गई तो इनके द्वारा किसी तरह से कोई कागज नही बताये। वही पुलिस को संदेह होने के चलते चारो संदेहियों को अपनी हिरासत में लेते हुये सख्त के साथ पूछताछ की गई तो आरोपियों द्वारा उक्त मोटर साईकिलों को चोरी करने की बात स्वीकार की गई तथा अपने अन्य साथी राजा खान निवासी नरसिंहपुर, रवि पटैल नरसिंहपुर तथा विजय कहार जिला रायसेन का नाम उजागर करने के साथ यह भी बताया कि वह नरसिंहपुर सहित अन्य जिलों से मोटर साईकिले चोरी करते हुये अन्य दूसरे जिलों को पहुंचाते है। इस सच्चाई से सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना ने सभी आरोपियों को गिरप्तार करते हुये उनके पास मोटर साईकिले जप्त करने के लिये आदेशित किया गया। इसी के चलते अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसमें मुख्य रूप से सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक, ए एस आई सतीश राजपूत, दशरथ पटैल, प्रधान आरक्षक गजराज ठाकुर, अपराध की दुनिया से जुडे लोगों को एक ही नजर में पहचान करने में माहिल माने जाने वाले भास्कर पटैल, आशीष मिश्रा, आरक्षक जो पूर्व में बाइक चोरी करने के आरोपियों को पकड़ने में अपनी एक अलग पहचान बना चुके है दिनेश पटैल, सुदीप बागरी, आदर्श पाठक, जितेन्द्र सिंह, पंकज रघुवंशी, संजय पांडे, दीपक ठाकुर, भगवान सिंह, उमेश वर्मा, हेमंत मेहरा, शिव कुमार तथा महिला आरक्षक नीलू रघुवंशी, कुमुद पाठक को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुये अन्य शेष तीन आरोपियों में राजा खान, विजय कहार व रवि पटैल को समीपस्थ ग्राम नांदनेर के पास से गिरप्तार करते हुये जब संघनता के साथ पूछताछ की गई तो इन लोगों ने पूर्व में पकड़े गये आरोपियों के साथ मिलकर अलग अलग जगहों पर मोटर साईकिले चोरी करने की बात स्वीकार करते हुये चोरी की मोटर साईकिलों को अलग अलग जगहों पर छिपाकर रखने की बात कही गई। इस तरह सांईखेड़ा पुलिस द्वारा आरोपियों की निशान देही पर गाडरवारा सहित जिले के अन्य जगहों से चोरी की गई 12 मोटर साईकिले तथा अन्य जिलों से चोरी की गई 35 मोटर साइकिले कुल मिलाकर 40 लाख रूपया कीमत की 48 मोटर साईकिले जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। जप्त की गई मोटर साईकिलों में MP49 MF9551 HEROSPLENDOR, MP40MP9958 SPSHINE, MP04MY1460 HEROSPLENDOR+, MP38MD9841 DISCOVER, MP04 QH1612 HONDA SHINE, MP39 ML2203 HF DELUXE, MP04 VD0910 HERO SPLENDOR+, MP40 ZB0899 HERO SPLENDOR+, MP22 MJ1675 HERO SPLENDOR+, MP22 MH4847 HF DELUXE, MP49 ML2382 HERO SPLENDOR+, MP49 ME1016 HERO SPLENDOR, MP49 MG7626 HERO SPLENDOR+, MP28 MV5264 HF DELUXE, MP49 MF1475 HERO SPLENDOR, MP49 ML0722 HERO SPLENDOR, MP28 MR6572 HERO SPLENDOR, MP20 SN0263 SUZUKI ACCESS, MP20 SW3239 SUZUKI ACCESS, MP49 MQ7711 HERO SPLENDOR, MP40 MK8414 HF DELUXE, MP49 MT2617 PLATINA, MP20 SQ8260SUZUKI ACCESS, MP28 NA5970 HERO SPLENDOR, MP49 MF5937HERO SPLENDOR, MP49 ME0379 HERO SPLENDOR, MP20 SW7334 ,SUZUKI ACCESS, MP20 MM6076 HERO HONDA SPLENDOR+, MP20 NY2025 HERO SPLENDOR+, MP28 NF3966 HERO SPLENDOR+, MP05 MU2398HERO SPLENDOR+, MP04 QG5819 HONDA SHINE, MP20 NP3531 CBSHINE, MP20 SU8538ACCESS SUZUKI, MP17 ZH3747 HONDA ACTIVA बताई जा रही है। इसी प्रकार से समीपस्थ सालीचौका गुड बाजार क्षेत्र निवासी सूरज पिता नरेश राय द्वारा बीते हुये दिवस पुलिस चौकी में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया गया था कि उसके खेत बसुरिया रोड पर रखा हुआ ट्रेक्टर व ट्राली किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिये गये। इस घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन तथा टीआई विक्रम रजक के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई थी। इस टीम में चौकी प्रभारी वर्षा धाकड़ के साथ एक ए एसआई सहित प्रधान आरक्षक करन ठाकुर, शिव कुमार नौरिया, रामगोपाल राजपूत, आरक्षक राजेन्द्र धाकड़, हरि शंकर पटवा, जमना प्रसाद रजक, हेमराज कुशवाहा, बालकृष्ण रघुवंशी बल्लू, महिला आरक्षक सोमवती कतिया तथा सैनिक राजेश कौरव, हेमराज पटैल, सुभाष सोनी को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा जांच के दौरान प्राप्त हुये साक्ष्य के चलते अमित पिता गज्जी उर्फ गज्जू ठाकुर निवासी डंगरयायी थाना बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम को अपनी हिरासत में लेते हुये पूछताछ की गई तो उसने ट्रेक्टर ट्राली चोरी करने की बात स्वीकार करने के साथ ही कुछ दिन पहले बसुरिया रोड पर खेत से एक किसान का रोटर बेटर चोरी करने की बात स्वीकार की गई। इस तरह आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किया गया ट्रेक्टर ट्राली कीमत लगभग 6 लाख 50 हजार व रोटर बेटर 1 लाख तथा नगर के रेल्वे स्टेशन से चोरी की गई एक मोटर साईकिल यानि की कुल मिलाकर 7 लाख 75 हजार रूपया कीमत की सामग्री जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस प्रकार से गाडरवारा व सांईखेड़ा पुलिस द्वारा कुल मिलाकर 47 लाख से भी अधिक कीमत की चोरी की गई सामग्री जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। वही दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकारों के सबालों के जवाव में कहा कि मादक पदार्थो का अवैध कारोबार हो या फिर अन्य कोई भी अपराध आरोपी कितनी भी पहुंच वालों क्यों न हो उसे छोटा नही जावेगा।

## सालीचौका पुलिस द्वारा ट्रेक्टर चोर को पकड़ने की खुशी मनाने के पहले ही चोरों ने किराना दुकान में सेंध लगाते हुये दे डाली नई चुनौती, आरोपी की करतूत गुप्त केमरे में हुई कैद





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका चौकी में जहां एक ताराधारी अधिकारियों की भरमार होने के बाद भी जिस तरह गांव गांव चल रहे शराब के अवैध कारोबार अन्य प्रकार की अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश न लग पाना निश्चित ही जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा शांति व कानून व्यवस्था बनाये जाने वाले प्रयासों पर ग्रहण लगाने से नही चूक रहा है..? क्योंकि यहां पर पूर्व में घटित हुई अनेक चोरी की घटनाओं के आरोपी जहां गुप्त केमरों में कैद होने के बाद भी आज तक पुलिस की पकड़ से बाहर दिखाई दे रहे है तो दूसरी ओर जिस तरह से वह रात के समय किराना दुकानों के ताले तोड़ते हुये चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हुये देखे जा रहे है उससे निश्चित ही पुलिस की रात्रिकालीन गस्त व्यवस्था सबालों के घेरे में आने से नही चूक पा रही है..? यह बात अलग है कि बीते हुये दिवस सालीचौका पुलिस द्वारा एक किसान के खेत से चोरी हुआ ट्रेक्टर ट्राली सहित अन्य अन्य दूसरी जगह से गायब हुआ रोटर बेटर के आरोपी सहित चोरी की सामग्री जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। मगर चोरों द्वारा पुलिस को इस सफलता की खुशी बनाने के पहले ही जिस तरह एक किराना दुकान में सेंध लगाते हुये हजारों का माल पार करते हुये एक चुनौती देने में कोई कसर नही छोड़ी गई है..? बताया जाता है कि बीते हुये शनिवार को सालीचौका पुलिस द्वारा एक ट्रेक्टर ट्राली सहित चोरी गये रोटर बेटर के आरोपी को माल सहित पकड़ने की सफलता का गाडरवारा में जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा खुलासा करते हुये देखे जा रहे थें। वही दूसरी ओर सालीचौका में शुक्रवार शनिवार की दरम्यानी रात एक किराना दुकान में घटित हुई चोरी की घटना की खबर फैलते हुये लोगों के बीच सनसनी का महौल बना हुआ था। इस तरह गौर किया जावे तो सालीचौका चौकी पुलिस द्वारा ट्रेक्टर चोरी के आरोपी को पकड़ने की सफलता की खुशी मनाने के पहले ही किराना दुकान की चोरी की घटना ने जहां एक चुनौती देते हुये पुलिस की रात्रिकालीन गस्त व्यवस्था की कार्य प्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया गया है..? बताया जाता है कि सालीचौका के मुख्य बाजार स्थित एक किराना दुकान में बीते हुये शुक्रवार शनिवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोर द्वारा शारदा किराना दुकान का ताला तोड़ते हुये दुकान के अंदर लगभग एक घंटे तक रूककर वहां से हजारों रूपया की सामग्री बोरियों में भरकर ले जाने में सफल हो गया। इस घटना की सच्चाई दुकान के अंदर लगे हुये गुप्त केमरे में कैद होती रही और आरोपी चोरी की घटना को अंजाम देता रहा..? इसके पहले भी सालीचौका में इस तरह चोरी की अन्य घटनाओं में भी देखने मिल चुका है जहां पर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की सच्चाई गुप्त केमरों में कैद होने के बाद पुलिस उन तक पहुंचने में असफल रही है..? इस तरह मुख्य बाजार के बीच किराना दुकान में घटित हुई घटना ने जहां पुलिस की रात्रिकालीन गस्त व्यवस्था को कटघरे में खड़ा करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। क्योंकि जिस तरह आरोपी को दुकान के अंदर बोरियों में सामग्री भरते हुये देखा जा रहा है तो फिर इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि वह इस सामग्री को किसी ने किसी वाहन से लेकर गया होगा। मगर इसके बाद भी पुलिस की गस्त करने वाली टीम की नजर इस आरोपी तक न पहुंच पाना सबालों को जन्म देने से नही चूक रही है..? इस प्रकार से सालीचौका क्षेत्र में लगातार शराब के अवैध कारोबार सहित चोरी की घटनाओं के चलते जहां यहां का महौल खराब होने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर पुलिस चौकी में पदस्थ कुछ एक ताराधारी अधिकारियों की कार्य प्रणाली के चलते लोगों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर भी सबाल खड़े किये जाने लगे है..?

## नेशनल लोक अदालत में हुआ आपसी सहमति के बीच सैकड़ों प्रकरणों का निपटरा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** लोगों को आसानी से न्याय उपलब्ध कराने के लिये समय समय पर जिला विधिक सेवा द्वारा लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। इसी के चलते बीते हुये शनिवार को स्थानीय न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ न्यायाधीश मा. श्रीमति संतोषी वासनिक द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, मा. सूरज सिंह राठौड चतुर्थ जिला न्यायाधीश, मा. राजेश कुमार तिवारी प्रथम जिला न्यायाधीश, मा. पंकज जायसवाल तृतीय जिला न्यायाधीश, मा. राम प्रकाश अहिरवार षष्ठम जिला न्यायाधीश, मा. अजय सिंह यादव न्यायधीश जेएमएफसी, मा. सुश्री कृतिका सिंह न्यायधीश जेएमएफसी,मा. विनय सोनी न्यायधीश जेएमएफसी, मा. यश शर्मा न्यायधीश जेएमएफसी द्वारा सर्वप्रथम महात्मा गांधी के तेल क्षेत्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थितअधिवक्ताओं तथा अधिकारियों द्वारा भी पुष्पांजलि अर्पित किये गये। वही लोक अदालत में बनी खंड पीठो द्वारा विभिन्न विभागों के चल रहे अनेको प्रकरणों को समझौते के साथ निराकृत किया गया। बताया जाता है कि आयोजित इस नेशनल लोक अदालत के दौरान विद्युत विभाग के 2298 प्रकरणों में से 60 निराकृत हुये व 1343000 लाख रुपए राशि प्राप्त हुई तथा100 व्यक्ति लाभान्वित हुए। नगरपालिका मे संपत्ति कर कुल 300 प्रकरण रखे गए थें, जिसमें 230 प्रकरणो का निपटारा किया गया तथा कुल राशि 2600000प्राप्त हुई जिसमें 230 व्यक्ति लाभान्वित हुए। इसके अलावा जलकर के 200 प्रकरण रखे गए थें, जिसमें निराकृत प्रकरण 130 तथा राशि 4,00000 रुपया प्राप्त हुए। इसी प्रकार से पिलिटिगेशन बैक मे 5610 प्रकरणों मे से 16 प्रकरण निराकृत एवं 28,74,900 राशि प्राप्त हुई तथा 32 व्यक्ति लाभान्वित हुए।न् यायालयलीन प्रक्रिया के 294 प्रकरणों में से 202 प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा 4949455 राशि प्राप्त हुई। वही 487व्यक्ति लाभान्वित हुए। बताया जाता है कि नेशनल लोक अदालत में न्यायाधीशों के अलावा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दिनेश बुधौलिया, सचिव बसंत तपा के अलावा विद्युत विभाग से कार्यपालन अभियंता आशुतोष ओझा, सहायक अभियंता शुभम मेहरा, सहायक कनिष्ठ अभियंता कौड़ियां राकेश सिंह, वरिष्ठ अभियंता संभागीय कार्यालय सुबोध कुमार सिंह, सहायक अभियंता आशीष पटेल, पी के लोधी, कनिष्ठ अभियंता उमेश कुमार वाल्मीकि, पुरुषोत्तम धुर्वे, मनीष कुमार बकोड़े, गोविन्द डेहरिया, वरिष्ठ अभियंता रोहित यादव, प्रतिभा पारधे, शैलेंद्र कुमार कौरव सहित अन्य लोग मौजूद थें। वही पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये वन विभाग द्वारा पक्षकारों में समझौता होने पर फलदार पौधे आंवला,आम,बिही, जामुन, कटहर आदि के पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर वन विभाग की ओर से राधा उइके, रचना शर्मा वनपाल, सोनू टेकाम, योगेश वर्मा मौजूद थें। लोक अदालत परिसर में स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक, पंजाब बैंक, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ़ केनरा, यूको बैंक, सोनाटा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, बैंक ऑफ़ इंडिया, श्रीराम फाइनेंस मध्य प्रदेश ग्रामीण इंडियन बैंक के स्टाल लगे हुये थें। वही नगरपरिषद गाडरवारा का स्टॉल नगर पालिका कार्यालय में लगाया गया था जहां पर दिन भी अधिकारियों की मौजूदगी देखने मिली।





## उत्कृष्ट स्कूल चीचली में शैक्षिक संवाद का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशों के परिपालन में विकास खंड चीचली के जन शिक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा पहली एवं कक्षा दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों का शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि आयोजित इस शैक्षिक संवाद में जिला शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान की जिला स्तरीय कोर कमेटी अंतर्गत व्याख्याता संजय शर्मा, बी एन पांडे डीआरजी दीपक श्रीवास्तव एवं मनीष यादव ने शैक्षिक संवाद के उद्देश्य, डिजाइन, संवाद की उपयोगिता, स्के फोल्डिंग प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के साथ साथ टीपीआर गतिविधि व बहु कक्षीय विषय वस्तु की पहचान तथा प्राप्त कौशलों का कक्षा कक्ष में उपयोग पर अपने विचार रखे गये। उत्कृष्ट विद्यालय के शैक्षिक संवाद प्रभारी सत्यम ताम्रकार द्वारा अकादमिक विषय पर चर्चा तथा विद्यालय और कक्षा कक्ष से जुड़े अनुभव, प्रतिभागियों को बातचीत के समान अवसर, तथा संवाद के अंत में गुणवत्ता एवं फीडबैक पर चर्चा की गई। संवाद के सहजकर्ता मन्नालाल पटले और गिरीश ताम्रकार द्वारा संवाद के विषय-प्रभावी शिक्षण में अंग्रेजी शिक्षक संदर्शिका की भूमिका के अंतर्गत धारा प्रवाह पठन एवं समझ पर अनुभव, केस स्टडी, रोल प्ले, पेयर टाक, शो एन्ड टेल, कक्षा प्रबंधन रणनीति, कक्षा में आवधिक आकलन इत्यादि पर उपस्थित प्रतिभागियों से विस्तृत संवाद किया। इसी क्रम में चीचली विकास खंड के शेष सात जन शिक्षा केंद्रों में करपगांव, शाहपुर, बारहाबड़ा, सूखाखैरी, तेंदूखेड़ा कठौतिया, सालीचौका में सहजकर्ताओं के माध्यम से शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें सभी जन





शिक्षा केंद्रों के प्राचार्य, जनशिक्षको, सहजकर्ताओं तथा पहली दूसरी पढ़ाने वाले शिक्षकों ने सहभागिता दी गई।

## महिलाएं आज महालक्ष्मी का पूजन कर घरों में धनवर्षा का आशीष मांगेगी

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** पितृपक्ष के दौरान भारतीय संस्कृति के अनुसार आज रविवार को पड़ने वाले महालक्ष्मी व्रत त्यौहार ही ऐसा है जिसमें कोई भी शुभ कार्य किया जा सकता है। परम्परागत इस त्यौहार को सनातन हिन्दू धर्म में गहरी आस्था रखने वाली महिलाएं उत्साह से मनाती है तथ उनके द्वारा आश्विन मास शुक्ल पक्ष की अष्टमी को धारण किये जाने वाले इस व्रत का महालक्ष्मी व्रत के त्यौहार पर परायण किया जाता है। गौरतलब है कि आज रविवार को महिलाएं अपने घरों में चौक पूरे आंगनों में सजे पवित्र आसन में माता महालक्ष्मी की मूर्ति, मिट्टी का हाथी स्थापित कर चंदन, पुष्प माला, दूवा, सुपारी, नारियल, लाल सूत उनकी विधि विधान से पूजन कर महालक्ष्मी से भक्तों को धन-धान्य से परिपूर्ण करने का आशीष मांगेगी। शहर के ज्योतिष के जानकारों का कहना है कि महालक्ष्मी की पूजन में



महिलाओं को सोलह श्रृंगार की सामग्री विविध व्यंजन महालक्ष्मी माता व हाथी को अर्पित कर रात्रि में तारागणों का अर्ध्य दे माता लक्ष्मी जी का आवाहन करना चाहिए। क्योंकि धर्म शास्त्रों में उल्लेख है कि महालक्ष्मी का व्रत करने सक महिलाओं को अपार सुख, शांति मिलती है तथा उनके घरों में हमेशा के लिए महालक्ष्मी का वास हो जाता है। इसी के चलते आज महिलाओं द्वारा अपने घरों में महालक्ष्मी का पूजन बड़े ही उत्साह व विधि विधान के साथ किया जावेगा।

# मौसमी बीमारियों का बढ़ रहा प्रकोप, जिला अस्पताल में बढ़ी मरीजों की भीड़

## मच्छर जनित बीमारियों से भी संक्रमण में तेजी, सबसे ज्यादा प्रभावित बच्चे और बुजुर्ग

डिण्डौरी।






जिले में मौसम के लगातार बदलते मिजाज का असर लोगों के स्वास्थ्य पर साफ दिखाई देने लगा है। दिन में उमस और रात में हल्की ठंडक के कारण वायरल बुखार, उल्टी-दस्त, सर्दी, खांसी, बदन दर्द जैसी मौसमी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। इसके चलते जिला चिकित्सालय सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की संख्या में भारी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना करीब 400 से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं जिले के सभी विकासखंडों में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों और आरोग्य केन्द्रों पर भी बीमार लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है।डॉक्टरों के अनुसार इस समय वायरल फीवर, मलेरिया और पेट संबंधी बीमारियों के मामले सबसे अधिक सामने आ रहे हैं। विशेष रूप से छोटे बच्चे और बुजुर्ग इस मौसम में अधिक प्रभावित हो रहे हैं, क्योंकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है।

### मच्छरों से बढ़ रहा खतरा

लगातार रुक-रुक कर हो रही वर्षा के कारण जगह-जगह जलभराव हो रहा है, जिससे मच्छरों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। इससे मलेरिया और डेंगू जैसी मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर सर्वे कर रही हैं और लोगों को साफ-सफाई रखने, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने और लक्षण दिखते ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की सलाह दे रही हैं।

### चिकित्सकों की सलाह

जिला अस्पताल के चिकित्सकों का कहना है कि मौसम के बदलाव से उत्पन्न बीमारियों से घबराने की जरूरत नहीं है, लेकिन सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। डॉक्टरों ने बताया कि जिन लोगों की इम्युनिटी कमजोर होती है, वे जल्दी संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं। ऐसे में सभी को पोषणयुक्त आहार लेना चाहिए और घर के आसपास साफ-सफाई बनाए रखनी चाहिए।डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि वायरल फीवर के लक्षण जैसे बुखार, गले में खराश, सिरदर्द, शरीर में दर्द या कमजोरी महसूस होने पर बिना चिकित्सकीय परामर्श के कोई भी दवा न लें। कई बार वायरल बुखार सामान्य लगता है, लेकिन समय पर इलाज नहीं मिलने पर यह गंभीर रूप ले सकता है।

### खानपान में रखें विशेष ध्यान

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि इस मौसम में खानपान पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। भोजन में गाजर, लहसुन, अदरक और हल्दी जैसी चीजें शामिल करें, जो प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक होती हैं। लहसुन न केवल सर्दी-जुकाम और खांसी से राहत देता है बल्कि यह सांस और त्वचा संबंधी समस्याओं को भी कम करता है।

कटे हुए फल लंबे समय तक घर में न रखें और सुनिश्चित करें कि घर के आसपास या गमलों में पानी जमा न हो, जिससे मच्छर न पनप सकें।

### प्राइवेट क्लीनिकों में भी भीड़

सिर्फ सरकारी अस्पतालों में ही नहीं, बल्कि निजी क्लीनिकों में भी मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। आमजन बीमारी से परेशान होकर इलाज के लिए प्राइवेट चिकित्सकों की ओर भी रुख कर रहे हैं।स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी लक्षण को हल्के में न लें, समय पर जांच कराएं और चिकित्सक की सलाह अनुसार उपचार लें। साथ ही, स्वच्छता और सही खानपान को अपनाकर खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

# स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल
## समनापुर केंद्र बना उपेक्षा का शिकार





### सुबह 10 बजे तक लटका रहता है ताला, न डॉक्टर, न दवा – ग्रामीण मजबूरन निजी अस्पतालों का ले रहे सहारा

डिंडौरी

जनपद मुख्यालय स्थित समनापुर स्वास्थ्य केंद्र की हालत बेहद दयनीय बनी हुई है। स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर यहां मरीजों को केवल ताले और इंतजार ही मिल रहा है। सुबह 10 बजे तक अक्सर केंद्र पर ताला लटका रहता है, जिससे इलाज के लिए आने वाले मरीज परेशान होकर लौट जाते हैं। केंद्र में न तो नियमित डॉक्टर की तैनाती है और न ही पर्याप्त दवाइयों की उपलब्धता। महीनों से जांच उपकरण खराब पड़े हैं, जिनकी मरम्मत कराने की किसी को फिक्र नहीं है। स्टाफ की कमी का आलम यह है कि सामान्य बीमारियों से जूझ रहे मरीजों तक को समनापुर से डिंडौरी जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। ग्रामवासी संजय कुमार ने बताया कि सुबह किसी आपात स्थिति में अगर मरीज को लेकर आते हैं तो यहां ताला लटका मिलता है। मजबूरन मरीज को निजी वाहन से डिंडौरी ले जाना पड़ता है। गरीब आदमी कहां से इतना खर्च उठाए। वहीं सुमित्रा बाई ने कहा, यहां न तो समय पर डॉक्टर मिलते हैं और न ही दवाइयाँ। हमें निजी दवा दुकान से महंगी दवाइयाँ खरीदनी पड़ती हैं। सरकार अस्पताल तो बनवा देती है, लेकिन उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं।

ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल डॉक्टरों की तैनाती की जाए, दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और जांच उपकरणों को दुरुस्त कराया जाए, ताकि मरीजों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य केंद्र की यह स्थिति नई नहीं है, बल्कि वर्षों से जारी है। इसके बावजूद विभागीय अधिकारी केवल आश्वासन तक ही सीमित हैं। सवाल यह है कि जब जनपद मुख्यालय का अस्पताल ही भगवान भरोसे है तो दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की क्या हालत होगी।

#### इनका कहना है

स्वास्थ्य कर्मी सुबह 9 बजे तक आ जाते हैं। यदि कभी समय पर नहीं पहुंचते हैं तो मैं इस विषय में दिखवाता हूं।

**प्रेमसिंह कुशराम**
**बीएमओ समनापुर**



# व्यवहार न्यायालय शहपुरा में वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत संपन्न

डिंडौरी।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय शहपुरा में वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ कर्नल सिंह श्याम अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति शहपुरा के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। शुभारंभ के दौरान दिलीप पाटिल व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, दयाराम साहू अध्यक्ष अधिवक्ता संघ शहपुरा सहित अन्य अधिवक्तागण तथा समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण सहित विभिन्न बैंको के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। व्यवहार न्यायालय शहपुरा हेतु गठित 02 खण्डपीठों में 38 आपराधिक प्रकरण, 9 भरण - पोषण, 1-1 सिविल तथा धारा 138 एन.आई. एक्ट के लंबित प्रकरणों का आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। निराकृत प्रकरणों में पक्षकारों को फलदार पौधे वितरित कराये गये। निराकृत प्रकरणों में पक्षकार अपने विवादों का आपसी सुलह एवं समझाईश के आधार पर निराकरण कराकर खुशी-खुशी अपने घर वापस गये।

## नेशनल हाईवे पर दर्दनाक हादसा
# दो युवकों की मौके पर मौत



डिंडौरी ।कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रयपुरा के पास मंडला रोड पर शनिवार शाम लगभग 5 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में दोनों चालकों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, मुड़की निवासी हेमंत पुशाम उम्र 24 कबड्डी खेलने धनवासी गया था और लौटते समय उसकी बाइक की टक्कर डिंडौरी से लौट रहे ओमप्रकाश, निवासी कापा (थाना मेहंदवानी) से हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइकों की रफ्तार काफी तेज थी, जिसके कारण यह हादसा घातक साबित हुआ। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा तैयार कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जैविक खेती से बेहतर उत्पादन और स्वस्थ भविष्य की ओर बढ़ते किसान

डिंडोरी/शहपुरा।



**जिले में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष एवं जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू लगातार सक्रिय हैं। वे न केवल किसानों को गांव-गांव जाकर जैविक खेती का प्रशिक्षण दे रहे हैं, बल्कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में भी युवाओं को इस पद्धति से परिचित करा रहे हैं। इसके साथ ही, वह नर्मदांचल गौ सेवा समिति के अंतर्गत संचालित गौवंश आधारित जैविक कृषि फार्म पर प्रायोगिक रूप से खेती कर किसानों को इसके प्रत्यक्ष लाभ भी दिखा रहे हैं।**

बिहारी लाल साहू ने इस खरीफ सीजन में अपने खेत में जैविक पद्धति से खेती की है। 10 जून को तुलसी अमृत से बीजोपचार कर धान की नर्सरी तैयार की गई, जिसकी रोपाई 28 जून को की गई। रोपाई में प्रत्येक स्थान पर केवल एक-एक पौधा लगाया गया। मात्र 60 दिनों में धान की ऊंचाई 3 से 3.5 फीट तक पहुंच गई थी, जिससे डेढ़ फीट की कटाई भी करनी पड़ी।इसके बाद फसल पर जीवामृत का छिड़काव किया गया, जिससे एक-एक पौधे में 15 से 21 तक शाखाएं निकल आईं। वर्तमान में फसल की आयु 85 दिन हो चुकी है और धान की ऊंचाई 4 फीट से अधिक है। फसल में किसी प्रकार का रोग नहीं है और बालियों की लंबाई लगभग 1 फीट तक देखी जा रही है।

साहू ने बताया कि 95 दिन पूरे होने पर अग्नि अस्त्र का छिड़काव किया जाएगा, जिससे कीटों पर नियंत्रण किया जा सकेगा। यह जैविक विधि से निर्मित घोल है, जिसे 1 लीटर अग्नि अस्त्र में 15 लीटर पानी मिलाकर छिड़का जाता है। इसका उपयोग 8-8 दिन के अंतराल में तीन बार किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने मठ्ठा खाद का उपयोग भी किया है। 20 लीटर गौमठ्ठा में 80 लीटर पानी मिलाकर एक एकड़ क्षेत्र में छिड़काव करने से फसल के बीज मजबूत होते हैं, उनमें चिकनाहट आती है, वजन बढ़ता है और सूक्ष्म जीवों की मात्रा बढ़ती है। इससे फसल में पोषक तत्त्वों की वृद्धि होती है और उत्पादन भी बढ़ता है।

पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी जैविक धान की भरपूर पैदावार की संभावना है। बिहारी लाल साहू ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे जैविक खेती अपनाकर न केवल फसल उत्पादन बढ़ाएं, बल्कि भूमि की उर्वरता, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की रक्षा में भी योगदान दें।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन से लेकर गांधी जयंती तक भाजपा मनाएगी सेवा पखवाड़ा
# मेंहदवानी में सेवा पखवाड़ा को लेकर मंडल कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी





भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माननीय *श्री हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री माननीय श्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार एवं संभागीय प्रभारी व प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार, जिला संगठन प्रभारी श्री गिरीश द्विवेदी के मार्गदर्शन में व जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम जी* के निर्देशन में एवं मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद बर्मन के उपस्थिति में शुक्रवार को मेंहदवानी में सेवा पखवाड़ा हेतु मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा मंडल मेहदवानी के सेवा पखवाड़ा मंडल संयोजक एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री दुर्गेश साहू के द्वारा सेवा पखवाड़ा में विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया,साथ ही वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में श्री रामगोपाल साहू, जहर सिंह मरकाम जिलामहामंत्री अजजा मोर्चा, सुदामा साहू,वीरेंद्र साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, भद्दे लाल कछवाहा,मंडल महामंत्री शम्भू बरकड़े,रामस्वरूप साहू,मंडल उपाध्यक्ष फूल दास वैरागी,महा सिंह उद्दे,शैलेन्द्र कुलस्ते, मंडल मंत्री रामचरन विश्वकर्मा, मंडल मीडिया प्रभारी संदीप रजक,बुद्धदेव साहू,अरविंद मानिकपुरी,जय श्री राम साहू, अक्कल सिंह जगदीश मसराम,धनीराम धुर्वे पूरन सिंह धुर्वे, महेंद्र सिंह उरवे,मूलचंद उरवे,पूर्व मंडल महामंत्री गुलाब भवेदी, कैलास दास,हेमराज तेकाम,काशीराम मरावी,नरबद सिंह कुलस्ते,नरायण साहू,सूरज साहू,झामु सिंह केराम,मेघलाल पट्टा, पवन वघेल, उज्जन सिंह मसराम, पहल सिंह भवेदी, बसन्त तेकाम,झुमकैया भारतीया, दशरू सिंह,गुलाब सिंह धुर्व एवं वरिष्ठजन, जिला पदाधिकारीगण व मंडल पदाधिकारी,शक्तिकेन्द्र प्रभारी, पंचपरमेश्वर, बूथ प्रभारी,बूथ अध्यक्ष व जनप्रतिनिधिगण एवं मंडल में निवासरत समस्त भाजपा समर्पित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बन्धु उपस्थिति रहें।बद्री प्रसाद साहू को भाजपा जिला महामंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह भारतीय जनता पार्टी जिला डिंडौरी के जिलाध्यक्ष चमरु नेताम ने जिला कार्यकारिणी घोषित कर दिया है जिसमें मेंहदवानी क्षेत्र को पहली बार जिला महामंत्री का पद दिया गया है और बद्री प्रसाद साहू को जिला महामंत्री बनाया गया है।उल्लेखनीय है कि बद्री प्रसाद साहू पूर्व में दो बार मंडल अध्यक्ष,दो बार भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं एक बार युवा मोर्चा अध्यक्ष रह चुके हैं। बद्री प्रसाद साहू तेली साहू समाज में भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं जिससे साहू समाज में उनकी खासी पकड़ है।भारतीय जनता पार्टी जिला डिंडौरी में साहू समाज को प्रतिनिधित्व देने पर साहू समाज में भी खुशी की लहर है। वहीं बद्री प्रसाद साहू को जिला भाजपा महामंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह है। वहीं कार्यकर्ताओं ने बद्री प्रसाद साहू को शुभकामनाएं प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया है और भाजपा संगठन का आभार जताया है।

## खबर संक्षेप

### खाद की काला बाजारी पर अंकुश लगाने किसानों की पहल



डिंडौरी । खाद की काला बाजारी और किसानों को समय पर खाद उपलब्ध न होने की समस्या को लेकर भारतीय किसान संघ डिण्डौरी लगातार संघर्षरत है। संघ ने किसानों को खाद, बीज और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएँ सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन से लेकर शासन तक आवाज बुलंद की है। इन दिनों शहपुरा क्षेत्र में किसानों को खाद आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रही है। बाजार में खाद 900 से 1000 रुपये प्रति बोरी तक बेची जा रही है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर विगत दिवस भारतीय किसान संघ तहसील शहपुरा के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद शनिवार को संघ के प्रतिनिधिमंडल ने पुनः एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा से मुलाकात कर तत्काल कार्यवाही की मांग की। एसडीएम वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार और कृषि विकास खण्ड अधिकारी शहपुरा के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। इस दौरान भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष बिहारीलाल साहू, जिलामंत्री एडवोकेट निर्मल कुमार साहू, तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार मौर्य, तहसील मंत्री यतेंद्र साहू, एडवोकेट विनय कुमार झारिया और जिला सह मीडिया प्रमुख शारदा नामदेव सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न



डिंडौरी। वार्ड क्रमांक 4 स्थित गायत्री मंदिर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में संगठन के विस्तार, आगामी नवरात्रि पर्व पर आयोजित होने वाले सत्र पूजन, कन्या पूजन एवं नवीन श्री हनुमान चालीसा केंद्रों के शुभारंभ जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ब्लॉकों से आए कार्यकर्ता, संगठन के जिला एवं केंद्र पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एल.बी. चंदेल (राष्ट्रीय मंत्री, हिंदू हेल्पलाइन), विनोद राजपूत (प्रांत कोषाध्यक्ष), अरविंद बघेल (संगठन विभाग मंत्री) विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला स्तरीय पदाधिकारियों में जितेंद्र विश्वकर्मा (जिलाध्यक्ष, इंडिया हेल्थ लाइन), जिनेंद्र सिंह ठाकुर (जिलाध्यक्ष, हिंदू हेल्पलाइन), डॉ. कमल प्रजापति (जिलाध्यक्ष, एडवोकेट फॉर्म), अनुराग रघुवंशी (जिलाध्यक्ष) एवं महामंत्री पुरुषोत्तम भवानी दुबे प्रमुख रूप से शामिल हुए।इसके अलावा राज साहू, लक्की, मुकेश विश्वकर्मा, सेन, शोभित सिकदर, बिहारी यादव, आकाश यादव, धीरज साहू सहित तहसील, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर के अनेक पदाधिकारी भी प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित रहे।बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजनाओं, कार्यक्रमों की रूपरेखा, संगठन के विस्तार और जनजागरण अभियान को प्रभावी बनाने पर गंभीर चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन की गतिविधियों को मजबूती देने का संकल्प लिया।

### स्कूल शिक्षकों को यातायात का प्रशिक्षण



डिण्डौरी। युवाओं को सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखने और यातायात नियमों के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से डिण्डौरी यातायात पुलिस द्वारा एक विशेष पहल की गई है। इसी क्रम में जिले के सभी विद्यालयों से लगभग 200 शिक्षकों को डाइट कार्यालय में यातायात संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पम्पलेट वितरण के साथ-साथ प्रोजेक्टर के माध्यम से शिक्षकों को यातायात संकेत चिन्हों, सूचनात्मक और आदेशात्मक साइन बोर्डों की बारीकियों की जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि इन संकेतों को समझना और पालन करना सड़क सुरक्षा के लिए कितना जरूरी है। थाना प्रभारी यातायात सुभाष उईके ने सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति में पीड़ितों की सहायता हेतु शासन द्वारा संचालित राहगीर योजना, हिट एंड रन योजना और कैशलेस ट्रीटमेंट योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### 52 मोतियाबिंद नेत्र रोगियों को झोतेश्वर भेजा गया



**तेंदूखेड़ा।** शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा प्रत्येक माह निशुल्क नेत्र रोगो की जांच की जाती है तथा मोतियाबिंद रोगियों को नेत्रालय द्वारा स्वयं के बाहन में ले जाकर निशुल्क आपरेशन कराया जाता है। विगत दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोंसरा राजमार्ग में मोतियाबिंद ऑपरेशन कैम्प का आयोजन किया गया ।जिसमें 98 नेत्र रोगियों की जांच की गई। जिसमें 59 मरीजों को मोतियाबिंद निकला। जिसमें से 52 मरीजो को ऑपरेशन के लिए झोतेश्वर ऑपरेशन के लिए भेजा गया इस मौके पर डॉ रामजीबन पटेल डॉ महेन्द्र पटेल नेत्रसहायक गोपाल जाटव और सभी स्टॉप की सराहनीय भूमिका रही।

### जुआ एवं सट्टा के कारोबारियों पर कसा शिकंजा



**गोटेगांव।** जिले में अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देश पर नरसिंहपुर पुलिस लगातार सख्त कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में थाना गोटेगांव पुलिस द्वारा जुआ एवं सट्टा के कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। थाना गोटेगांव पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए 7 व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ा गया, आरोपी : दुर्गेश यादव, हेमराज छिरा, आनंद राजपूत, गुड्डू दुबे, सुशील परसवार, आकाश चढार, मतीन खान। जप्ती : 52 ताश पत्ते, 14900 रूपये नगद, 5 मोबाईल एवं दो मोटरसाईकिल जप्त। बैधानिक कार्यवाही कर सभी आरोपियों के विरूद्ध धारा 13 पब्लिक गेम्बलिंग मध्यप्रदेश एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। सट्टा पट्टी काटते एक व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ा गया आरोपी : नीरज पटेल निवासी गोटेगांव। जप्ती : सट्टा पट्टी, 7600 रूपये नगद जप्त। बैधानिक कार्यवाही : धारा 4 ए पब्लिक गेम्बलिंग मध्यप्रदेश एक्ट एवं धारा 49 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### लीड चोर गैंग सक्रिय, पुलिस का नहीं खौफ, चोरी की घटनाओं को लगातार दे रहे अंजाम



**गोटेगांव।** समीपवर्ती बीते दिनों करकबेल परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम करकबेल बस्ती, टपरियों मेख बिछुआ देवरी मानेगांव, बौछार नन्हे गांव बेलखेड़ा घाटपिडरई कापखेड़ा सूरवारी, ठेमी बडगुआं सहित अन्य ग्राम के किसान में इस समय रोष व्याप्त है, इन किसानों में गुस्सा इस बात को लेकर है कि आये दिन कई दिनों से लीड डोरी चोरी हो रही है ये लीड डोरी चोर कई दिनों से इस तरह की घटनाओं को बिना डर बिना भय के लगभग रोजाना ही कहीं न कहीं किसी न किसी किसान के खेत खलिहानों में लीड डोरी चोरी करके बड़े ही होशियार तरीके से इस लीड डोरी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, मानों उन्हें पुलिस प्रशासन का कोई भी खौफ नहीं है और लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर पुलिस प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं, चोरी की घटनाओं में स्थिति को देखकर ऐसा लगता है कि ये लीड डोरी चोरी इस तरह की चोरी करने में परांगत है और ऐसी चोरी करने में सक्षम भी है लीड डोरी चोरी वाले स्थान को देखकर ऐसा लगता है ये लीड कर चोरी करने में परिपक्व है चोरी के सारे यंत्र तंत्र के तहत शायद इस लीड डोरी की घटनाओं को यह लीड डोरी चोर गैंग चोरी की घटनाओं लगातार अंजाम दे रहें हैं किसानों का मानना है कि पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के चलते उक्त तरह की चोरियां दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है! यहां हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने संपूर्ण क्षेत्र के कृषक बंधुओ ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि हो रही चोरी की घटनाओं पर जल्द से जल्द अंकुश लगाया जाए ताकि हम किसानों को हो रही विभिन्न प्रकार की परेशानियों से निजात मिल सके !

## जानलेवा होते जा रहे सड़क के गड्ढे

# सीवरेज परियोजना निर्माण कंपनी कर रही सुस्ती से कार्य

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** समयावधि मे नही हो सका निर्माण कार्य सरकार द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए अनेकों योजनाएं तैयार कर बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए तत्पर रही है। लेकिन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी व ठेकेदारों की मनमानी के कारण शासन की योजनाएं धूमिल हो जाती है। वही निर्माण कार्यो के चलते व्यवस्थाएं भी गड़बड़ हो जाती है। ऐसा मामला जिला मुख्यालय मे बनाई जा रही सीवर लाइन परियोजना को भी सामने आया जहां पर सीवर लाइन निर्माण से लोगों काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरकार द्वारा नगर विकास के नाम पर विभिन्न योजनाएं संचालित कर लोगो को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराये जाने का कार्य कराया जा रहा है । वही प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा योजनाओं की ओर ध्यान नही दिया जाता जिससे निर्माण कार्य पूरी तरह गुणवत्ता युक्त नहीं हो पाता है। इसी प्रकार का मामला जिला मुख्यालय मे सीवर लाइन निर्माण कार्य कर रही कंपनी का भी सामने आया जहां पर निर्माण कार्य के चलते लोगों को अनेकों प्रकार से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वही नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी उक्त ओर ध्यान भी नही दे रहे हैं।



### सीवर लाइन का इतना कार्य शेष

नगर वासियों के लिए सरकार द्वारा दी जाने वाली महत्वूपर्ण सीवर लाइन परियोजना बीते चार वर्षों से अधर में लटकी हुई है, जिसका प्रभाव लोगों के जीवन पर भी पड़ रहा है। 2021 में शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट आज तक पूरा नहीं हो सका है। जगह-जगह हो रही बेतरतीब खुदाई, अधूरे चैंबर और सड़कों की खराब मरम्मत ने पूरे शहर को अस्त-व्यस्त कर दिया है। परियोजना के अधिकारियों का दावा है कि 120 किलोमीटर की लाइन में से 13,000 से अधिक चैंबर और इतने ही कनेक्शन का काम पूरा हो चुका है। उनका कहना है कि अभी भी 2,000 चैंबर और 1,400 से ज्यादा कनेक्शन बनाने बाकी हैं, और इस काम को पूरा होने में लगभग दो महीने का समय और लग सकता है। लेकिन, नागरिकों का कहना है कि यह केवल एक और वादा है, क्योंकि परियोजना की समय सीमा पहले ही तीन बार बढ़ाई जा चुकी है।

### दुर्दशा का शिकार हो रही सड़के

नगर अनेकों वार्डों में खुले गड्ढे और अधूरे चैंबर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। सड़कों पर फैली गंदगी और टूट-फूट से यातायात व्यवस्था भी चरमरा गई है। सबसे गंभीर बात यह है कि अनुबंध के अनुसार सड़कों की मरम्मत मानक के हिसाब से होनी थी, लेकिन हकीकत में उन्हें मनमाने ढंग से बनाया जा रहा है, जिससे उनकी हालत और खराब हो गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मान रहे हैं कि यह अधूरा प्रोजेक्ट शहर के विकास में बाधा बन गया है। नागरिकों का गुस्सा लगातार बढ़ रहा है। उनका कहना है कि इस अधूरे काम के कारण उन्हें हर दिन स्वास्थ्य समस्याओं, आवागमन की दिक्कतों और अतिरिक्त असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इस परियोजना ने सिर्फ शहर की सुंदरता ही नहीं बिगाड़ी, बल्कि लोगों के धैर्य की भी परीक्षा ली है। अब देखना यह होगा कि क्या अधिकारी इस बार अपने वादे पर खरे उतरते हैं या फिर यह प्रोजेक्ट एक और नई समय सीमा का इंतजार करेगा।

### प्रशासन की अनदेखी बन रही वजह

कंपनी द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य को प्रशासन द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। जिस कारण से नगरवासियों को परेशानियों का कारण बन रहा है। प्रशासन को चाहिए की कंपनी द्वारा किये जा रहे कार्यो की समय समय पर समीक्षा कर निर्माण कार्य की गतिविधियों को ठीक ढंग से कराया जावे। कंपनी द्वार निर्माण कार्य के दौरान गड्डे खुले ना रहे तथा सड़को की खुदाई कर किये जा रहे निर्माण कार्य को पूरा होने पर सड़कों को शीघ्र ही पक्का कर दिया जावे जिससे दुर्घटना होने से रोका जा सके। कंपनी द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य को नगर पालिका द्वारा निमय अनुसार कार्य कराया जाना चाहिये। सीवरेज कंपनी द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य पर जनप्रतिनिधियों द्वारा भी ध्यान दिया जाना आवश्यक है। नगर की सड़कों को खोदकर डाली जा रही पाइप लाइन से सड़के बदहाल स्थिति में आ चुकी है लोगों की जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा है कि कंपनी के द्वारा किये जा रहे कार्य को नियम अनुसार कार्य कराया जावे जिससे लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े।

### खिलाड़ियों ने ताइक्वांडो बेल्ट टेस्ट में दिखाया हुनर



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नगर के आरआरआर पब्लिक स्कूल में ताइक्वांडो बेल्ट उत्तीर्ण परीक्षा का आयोजन ताइक्वांडो एसोसिएशन एवं स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर 4 से 7 वर्ष आयु वर्ग के 35 छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए येलो बेल्ट हासिल की। प्रतिभागियों ने पंच, किक और आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकें प्रदर्शित कर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन से आए परीक्षक आशिक रसूल एनसीएल, सिंगरौली ने बच्चों की प्रतिभा देखकर सराहना की और पूमसे प्रस्तुति पर विशेष बधाई दी। उन्होंने बच्चों को ताइक्वांडो के मूल कौशल और आत्मरक्षा विधा का प्रशिक्षण भी दिया। परीक्षा स्कूल के स्पोर्ट्स लीड गौरव नेमा के निर्देशन में संपन्न हुई।

### वीरांगना क्लब का सराहनीय योगदान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब सी एम-1 संपदा, एरिया 9 के अंतर्गत एरिया ऑफिसर लीनेस सुनीता जाटव जबलपुर का आधिकारिक दौरा एवं एरिया 9 कॉन्फ्रेंस मनाया गया। एरिया ऑफिसर सुनीता जाटव के साथ जिले की पदाधिकारी डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अनीता कपूर, अंजू कटारे, दीपा घई, रश्मि जैन एवं मीरा अग्रवाल सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत की गई तथा भविष्य की योजनाओं पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। एरिया कॉन्फ्रेंस के दौरान क्लबों की गतिविधियों का प्रदर्शन एवं उपलब्धियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर लीनेस वीरांगना क्लब की ओर से अध्यक्ष सविता महोबिया एवं क्लब की सदस्याओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष सविता महोबिया ने बैनर प्रेजेंटेशन किया। सचिव पूनम धुर्वे द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। स्क्रैपबुक के माध्यम से क्लब की वार्षिक गतिविधियों की प्रस्तुति दी गई तथा कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया ने वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस आयोजन में नरसिंहपुर से विशेष रूप से पूर्व अध्यक्ष पूनम जैन, संरक्षक अर्चना राय, मल्टीपल डायरेक्टर एवं संरक्षक रूपकला कटारे, सचिव पूनम धुर्वे, कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया तथा प्रीति गोस्वामी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने नरसिंहपुर क्लब की सराहना की।

### जिला स्तरीय राष्ट्रीय कला उत्सव प्रतियोगिता आयोजित



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं संस्था प्राचार्य जी.एस. पटैल के निर्देशानुसार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय असेम्बली हॉल में जिला स्तरीय राष्ट्रीय कला उत्सव प्रतियोगिता 2025 का आयोजन सम्पन्न हुआ। जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि व निर्णायक मण्डल की भूमिका में व्ही.पी. मालवीय, सेवानिवृत्त व्याख्याता, मोहम्मद इकबाल कुरैशी, प्राचार्य उ.मा.वि. बहोरीपार, मयंक श्रीवास्तव, ऐश्वर्या दुबे ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ प्रारंभ हुआ। तत्दोपरांत संस्था द्वारा समस्त विकासखण्ड से आये प्रतिभागियों व उनके मार्गदर्शी शिक्षकों को आज के कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण करते हुए संस्था प्राचार्य जी.एस. पटैल द्वारा समस्त प्रतिभागियों को शुभकामना प्रदान की एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता प्रदान करने एवं जीतने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मंदिर के पीछे टूटी मिली दान पेटी

### नागरिकों की मांग, क्षेत्र में फल फूल रहा नशे का अवैध कारोबार, कार्रवाई की मांग



**गोटेगांव।** विगतदिवस स्थानीय पटेल वार्ड स्थित नर्मदा मंदिर बीती देर रात चोरी की बड़ी घटना सामने आई। अज्ञात चोरों ने मंदिर परिसर में प्रवेश कर दान पेटी को निशाना बनाया और उसमें रखे नगदी चुराकर रफूचक्कर हो गए। सुबह जब मंदिर के पुजारी लखन लाल उप्पम पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दान पेटी गायब है। खोजबीन के दौरान पेटी मंदिर के पीछे टूटी हुई अवस्था में मिली, जिसमें रखी गई पूरी राशि गायब थी। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई तत्पश्चात मौके पर पहुंची पुलिस ने मंदिर परिसर का मुआयना कर सबूत जुटाए। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक अज्ञात चोर वारदात को अंजाम देता हुआ दिखाई दिया है। पुलिस ने फुटेज जब्त कर जांच शुरू कर दी है और चोर की शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों को लगातार चोर निशाना बना रहे हैं, जिससे आस्था को ठेस पहुंच रही है। इसका मुख्य कारण क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ स्मैक पाउडर के नशा करने वाले सामाजिक तत्वों द्वारा इन चोरी की वारदातों को अनजान दे रहे हैं साथ ही क्षेत्र में यह नशे अवैध कारोबार जमकर फल फूल रहा है जिससे आए दिन चोरी की घटनाओं के साथ-साथ अन्य वारदातें सामने आ रही हैं स्थानीय नागरिकों व श्रद्धालुओं ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि नगर में रात के समय गश्त बढ़ाई जाए और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं साथ ही अवैध स्मैक पाउडर नशे के कारोबार पर रोक लगाई जाए ।

### श्रद्धालु एवं रेलवे स्टेशन छोड़ने वाले आम नागरिकों को पुलिस चेकिंग के दौरान हो रही परेशानी

**गोटेगांव।** नगर के प्रमुख स्थानों पर पुलिस द्वारा लगाए गए चैकिंग प्वाइंट आम नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। जानकारी के अनुसार स्थानीय पुलिस ने फुआरा चौक, थाना परिसर के सामने एवं मुख्य नियमित रूप से चैकिंग प्वाइंट बनाए हैं। जो रोजाना की रूटीन के हिसाब से एक व्यवधान उत्पन्न कर रहा है। इन स्थानों पर दिनभर वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। हेलो साथ ही श्रद्धालु मंदिर जाने के साथ-साथ रेल में सफर करने वाले यात्रियों को परिजन छोड़ने के लिए आते हैं जिसमें उन्हें काफी परेशानियां हो रही है ऐसे में अचानक रोक-टोक और पूछताछ के कारण आमजन को जाम की स्थिति और देरी का सामना करना पड़ता है। आम नागरिकों का कहना है कि कानून-व्यवस्था की दृष्टि से चैकिंग जरूरी है, लेकिन नगर के बीचोंबीच इन प्वाइंट्स पर बार-बार की कार्रवाई से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। नागरिकों का कहना है कि यदि पुलिस प्रशासन चैकिंग के लिए वैकल्पिक स्थान तय करे या यातायात को व्यवस्थित - करने के लिए अलग से व्यवस्था करे तो लोगों को राहत मिल सकती है। अतः शासन प्रशासन को चेकिंग पॉइंट रखना आवश्यक है लेकिन उसमें स्थान परिवर्तन किया जाए जिससे लोगों की रोजमर्रा की व्यवस्था यथावत बनी रहे।

## बिना लाइसेंस वाले स्कूली बच्चों की गाड़ियां जप्त कर अभिभावकों को किया सुपुर्द

### बच्चों और अभिभावकों में जागरूकता लाने की जा रही पुलिस प्रशासन की करवाई



**गोटेगांव।** पुलिस थाना द्वारा बिना लाइसेंस धारी बच्चों की गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है जिसमें स्कूल आने वाले बच्चों की गाड़ियों की जांच की जा रही है और बिना लाइसेंस वाले बच्चों की गाड़ियां जप्त कर उनके पालकों को सुपुर्द की जा रही हैंi बिना लाइसेंस के वाहन चलाना अपराध है मोटर वाहन अधिनियम की धारा 181 के अनुसार, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाना एक दंडनीय अपराध है, जिसमें 3 महीने की कैद या ₹5,000 जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। इसीलिए स्थानीय पुलिस स्कूलों में जांच अभियान कर स्कूलों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बिना लाइसेंस वाले बच्चों की गाड़ियों को जप्त किया जा रहा है।

**पालकों की जिम्मेदारी**

यदि कोई बच्चा बिना लाइसेंस के वाहन चलाता हुआ पकड़ा जाता है, तो उसके पालकों पर भी कार्रवाई की जा सकती है।जप्त की गई गाड़ियां सरस्वती विद्यालय में तीन बच्चों की गाड़ियां जप्त की गई हैं। और बच्चों के पालकों को सुपुर्द किया जाएगा। एसडीओपी थाना गोटेगांव मनीष त्रिपाठी एवं थाना प्रभारी प्रदीप सराफ ने बताया कि आगे भी इस तरह के जांच अभियान जारी रहेगी, ताकि बिना लाइसेंस वाले बच्चों को रोका जा सके। साथ ही हो रही दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लग सके यह कार्रवाई स्कूली छात्र-छात्राओं बच्चों को जागरूक करने के साथ-साथ उनके अभिभावकों पलकों को जिम्मेदारी का एहसास करना है ताकि स्कूली बच्चों में भी जागरूकता बड़े और लोगों में अवेयरनेस के लिए यह कार्रवाई की जा रही है।

### तेंदूखेड़ा पुलिस ने 16 ग्राम स्मैक बरामद कर एक व्यक्ति को जेल भेजा



**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों जिले मे अवैध गतिविधियो एवं संगठित अपराधो में पूर्णतः प्रतिबंध लगाने की मंशा से अवैध कारोबार करने वालों तथा गुण्डें बदमाशो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु जिला पुलिस अधीक्षक डा.ऋषिकेश मीणा द्वारा विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। जिसके तहत जिले भर मे विशेष अभियान चलाया जा रहा है अभियान के तहत विभिन्न थानों में मे धरपकड की कार्यवाहियां की जा रही है ।ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे और असामाजिक तत्वों पर पूर्ण नियंत्रण किया जा सके। इसी क्रम में तेंदूखेड़ा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 16 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी विनोद कुमार पिता लक्ष्मण रघुवंशी उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम करहैया जिला रायसेन को गिरफ्तार कर 8/21(b) एन डी पी सी एक्ट कायम कर जेल भेजा गया है।जप्त की गई स्मैक की बाजार कीमत 1 60 000 रुपए बताई जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सौरभ पटेल आरक्षक शशांक दुबे नारायण मरावी कर्मवीर सिंह बहादुर कुशबाहा लखनलाल एवं सायबर टीम कुमुद पाठक की सराहनीय भूमिका रही।

### अस्पताल से भागा चोर

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों समीपी ग्राम ढिलवार में चोरी के दौरान भागते समय दरबाजे से टकराकर स्वयं जख्मी हुआ चोर गिरने के उपरांत लोगों की पकड़ में आ गया था जिसे ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था।दो दिन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पुलिस अभिरक्षा में उपचार चल ही रहा था कि टायलेट करने गये आरक्षक की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर चकमा देकर रात्रि के समय भाग निकला जिसकी खोजबीन की जा रही है।

## उमंग दिवस पर स्कूलों में हुये विविध आयोजन





**तेंदूखेड़ा।** उमंग दिवस पर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें स्थानीय शिक्षकों के साथ जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। ज्ञानवर्धक विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। जिसमें उमंग प्रभारी श्रीमती ज्योति चौरसिया के द्वारा उमंग क्या है। उमंग का जीवन में क्या महत्व है पर प्रकाश डाला गया। संस्था की प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा द्वारा जीवन कौशल अच्छे स्वास्थ्य के बारे में छात्राओं को बताया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत किशोरावस्था अभिशाप या वरदान और महिला और पुरुष के अधिकार विषयों पर वाद- विवाद प्रतियोगिता प्रश्न क्विज शैक्षणिक दबाव विषय पर एकांकी की प्रस्तुति छात्राओं के द्वारा दी गई। कार्य क्रम के उपरांत छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गए जिसमें संस्था के सभी शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया।

**सर्रा हाईस्कूल में हुये आयोजन**

शासकीय हाईस्कूल सर्रा में उमंग दिवस पर छात्र छात्राओं के द्वारा उमंग एंथम का श्रवण किया तत्पश्चात पोषण के विभिन्न घटकों जैसे कार्बोहाइड्रेट वसा प्रोटीन विटामिन खनिज एवं जल के महत्व को छात्रों के द्वारा गतिविधि करके बताया गया। छात्राओं के द्वारा चित्रकला एवं अन्य शैक्षिक एवं जीवन उपयोगी गतिविधि की गई ।संस्था प्रमुख प्राचार्य समीम कुरैशी द्वारा छात्रों को पोषण एवं उमंग कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर सरपंच ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि नारायण लोधी का शास हाई स्कूल सर्रा में छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं गतिविधि में भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए।



**उमंग है तो जिंदगी में रंग है**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोभी में उमंग है तो जिंदगी में रंग है की थीम पर विविध कार्यक्रम आयोजित कराए गए । प्राचार्य ने बताया कि बच्चों में नैतिक शिक्षा सामाजिक व्यवहारिक ज्ञान स्वास्थ्य शिक्षा के नैसर्गिक ज्ञान को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम विद्यालयों में आयोजित कराए जा रहे हैं।बच्चों द्वारा एक विषय पर अपनी थीम तैयार की जाती है और उसे टीम को सभी बच्चों के सामने प्रस्तुत किया जाता है।अपनी थीम तैयार करने में बच्चों के तार्किक ज्ञान में भी वृद्धि होती है। विश्व उमंग दिवस के रूप में मनाने के लिए शासन द्वारा सभी शासकीय विद्यालयों को आदेशित किया गया है । सभी कक्षा 9 से लेकर 12 तक के बच्चे अपनी-अपनी थीम तैयार कर शाला में प्रस्तुत करेंगे। उमंग कार्यक्रम प्रभारी संस्था की वरिष्ठ शिक्षिका आभा वैध्य ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित 10 जीवन कौशलों से परिचित करवाना है। कार्यक्रम की मदद से बच्चों के जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना मजबूती से कर सकेंगे। कार्यक्रम का एक और उद्देश्य बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए तैयार किया जाए यह कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष यूएनएफपीए के सहयोग से तैयार किया गया है। इनमें कानाफूसी गेम निश्चयात्मक संवाद आदि गतिविधियां कराई जाती हैं।बच्चों को बताया गया कि सभी मिलकर काम करें। लिंग भेद आदि हमारे कार्यों में नहीं होना चाहिए। सभी को समान अवसरों की उपलब्धता होनी चाहिए ।सभी मिलकर निर्णय ले उसके उपरांत बच्चों में किशोर अवस्था में होने वाली शारीरिक परिवर्तनों की जानकारी भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के उपरांत उमंग चैंपियन एवं बच्चों को सहभागिता प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार दिए गए। सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।